# U.P. HIGHER JUDICIAL SERVICE (MAIN) 2018

**(Part 02)**

**Law-I (Substantive Law) / विधि-। (मौलिक विधि)**

**Time – 3 Hours** **Markes - 200**

1. Write detailed notes on following:
निम्नलिखित पर विस्तृत टिप्पणी लिखिए :
   (a) Order for payment of maintenance under "The Muslim Women (Protection of Rights on Divorce) Act, 1986".
   "मुस्लिम महिला (विवाह विच्छेद पर अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 1986, के अन्तर्गत भरण-पोषण के संदाय के लिए आदेश।
   [10]
   (b) Restitution of conjugal rights and judicial separation under the Hindu Marriage Act, 1955.
   हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत दाम्पत्य अधिकारों का प्रत्यास्थापन और न्यायिक पृथक्करण।
   [10]

2. Write a detailed note on the Extinction, Suspension and Revival of Easements as prescribed under Chapter V of the Indian Easements Act, 1882.
भारतीय सुखाचार अधिनियम, 1882 के अध्याय V के अन्तर्गत विहित सुखाचारों का निर्वापन, निलम्बन और पुनः प्रर्वतन पर विस्तृत टिप्पणी लिखिए।
[20]

3. Writ short note on following:
निम्नलिखित पर सक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :
   (a) Power of Registrar for rectification of mistakes prescribed under the Indian Partnership Act, 1932.
   भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के अन्तर्गत विहित त्रुटियों का परिशोधन के लिए रजिस्ट्रार की शक्तियाँ।
   [05]
   (b) The conduct of the business between the partners as per the Indian Partnership Act, 1932.
   भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के अनुसार भागीदारों के बीच कारबार का संचालन।
   [05]

4. (a) 'A' conveys property to 'B' in trust to apply the profit to use for marriage of minor girls. The trust shall be void or not ? Substantiate your answer with reasons.
   'A' सम्पत्ति को इस हेतु से 'B' को न्यास पर हस्तान्तरित करता है कि उसका लाभ अवयस्क लड़कियों के विवाह के लिये उपयोजित किया जाये। वह न्यास शून्य होगा या नहीं? अपने उत्तर को तर्कों के साथ समर्थित कीजिए।
   [10]
   (b) 'A' as the owner of a certain house, has the right to conduct water from 'B's stream to supply the fountains in the garden attached to the house. Whether this is an easement or not ? If yes, explain the same.
   'A' को किसी गृह के स्वामी की हैसियत से उस गृह से संलग्न उद्यान में फुव्वारों में जल देने के लिए 'B' की जल धारा से जल ले जाने का अधिकार है। क्या यह सुखाचार है या नहीं ? यदि हाँ, तो इसे स्पष्ट करें।
   [10]

5. (a) 'R' and 'S' contract that 'R' shall deliver silver articles to 'S' at a price to be paid by installments and first installment shall be paid seven days in advance from the date fixed for delivery of goods. 'S' did not pay the first installment seven days earlier to the date fixed for delivery of goods but offers subsequent thereto. Whether 'R' need to deliver the goods to 'S'?
   Discuss in light of the relevant provisions of the Indian Contract Act, 1872.
   'R' और 'S' संविदा करते हैं कि 'R' किस्तों में दी जाने वाली कीमत पर 'S' को चोंदी की वस्तुएं परिदत्त करेगा और पहली किस्त माल के परिदान के लिए नियत तिथि से सात दिन पहले दी जायेगी। 'S' ने माले के परिदान के लिए नियत तिथि से सात दिन पूर्व पहली किस्त नहीं दी, लेकिन उसके बाद देने की प्रस्थापना करता है। क्या 'S' को माल का परिदान करना 'R' के लिए आवश्यक है?
   भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के प्रासंगिक प्रावधानों के आलोक में विवेचना कीजिए।
   [10]
   (b) 'A' holds a lease from 'B', terminable on three months' notice. 'C', an unauthorized person, gives a notice of termination to 'A'. Whether on ratification by 'B', such notice can have binding effect on 'A' ? If no, explain with reasons.
   तीन मास की सूचना पर पर्यवसेय एक पट्टा 'B' से 'A' धारण करता है। एक अप्राधिकृत व्यक्ति 'C' पट्टे के पर्यवसान की सूचना 'A' को देता है। क्या 'B' द्वारा अनुसमर्थन पर, 'A' पर ऐसी सूचना का आबद्धकारी प्रभाव हो सकता है। यदि नहीं, तो कारण सहित स्पष्ट कीजिए।
   [10]



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India
*(UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)*

6. Explain the following:
निम्नलिखित को स्पष्ट कीजिए :
(a) Contingent Contract
समाश्रित संविदा
[05]
(b) Contract of indemnity
क्षतिपूर्ति की संविदा
[05]
(c) 'Agent' and 'Principal'
'अभिकर्ता और 'मालिक'
[05]
(d) Compensation for loss or damage caused by breach of contract
संविदा-भंग से कारित हानि या नुकसान के लिए प्रतिकर
[05]

7. Explain the following in light of provisions of the Transfer of Property Act, 1882:
निम्नलिखित को सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 के प्रावधानों के आलोक में स्पष्ट कीजिए :
(a) Implied contracts by mortgagor
बन्धककर्ता द्वारा विवक्षित संविदा
[10]
(b) Right to sue for mortgaged money
बन्धक-धन के लिए वाद लाने का अधिकार
[10]

8. 'A' has preferred an application under Section 13 of the Hindu Marriage Act, 1955 to have a decree of divorce against his wife 'B' on the ground of adultery. 'B', the wife has no independent income sufficient for her support. Write an application on her behalf to have maintenance pendente lite and expenses of proceedings.
'A' ने जारकर्म के आधार पर अपनी पत्नी 'B' के विरूद्ध विवाह-विच्छेद की आज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13 के अन्तर्गत आवेदन किया है। पत्नी 'B' के पास अपनी सहायता के लिए पर्याप्त कोई स्वतन्त्र आय नहीं है। उसकी ओर से बादकालीन भरण-पोषण और कार्यवाहियों के खर्च प्राप्त करने के लिए एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।
[20]

9. Write a detailed note relating to the object, scope and difference between the fundamental rights and directive principles, prescribed under the Constitution of India.
भारत के संविधान के अन्तर्गत विहित मूल-अधिकारों और नीति निदेशक तत्वों के उद्देश्य क्षेत्र और उनके बीच अन्तर के सम्बन्ध में विस्तृत टिप्पणी लिखिए।
[20]

10. Article 311 of the Constitution of India has a check to the pleasure available to the President of India and the Governors of the States as per Article 310 of the Constitution of India.
Discuss and explain the statement.
भारत के संविधान के अनुच्छेद 310 के अनुसार भारत के राष्ट्रपति और राज्यों के राज्यपालो को प्राप्त 'प्रसाद-पर्यन्त' के लिए नियन्त्रण भारत के संविधान के अनुच्छेद 311 में है।
इस कथन की विवेचना कर स्पष्ट कीजिए।
[10]

11. Write a detailed note on the provisions relating to the Cooperative Societies under the Constitution of India.
भारत के संविधान के अन्तर्गत सहकारी समितियों से सम्बन्धित उपबन्धों पर विस्तृत टिप्पणी लिखिए।
[10]

12. Write short notes on following:
निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:
(a) Appointment of District Judges as per Article 233 of the Constitution of India.
भारत के संविधान के अनुच्छेद 233 के अनुसार जनपद न्यायाधीशों की नियुक्ति।
[05]
(b) Appointment of Retired Judges at seats of High Courts.
उच्च न्यायालयों की पीठों में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की नियुक्ति।
[05]


Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India (UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)